भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1397

उत्तर देने की तारीख 19.12.2022

कुटीर और लघु उद्योगों को प्रोत्साहन

1397 **श्री एस. कल्याणसुन्दरम:**
श्री आर. गिरिराजन:
श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्ला:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि ग्रामीण, जनजातीय और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में कुटीर और लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे, और इस प्रकार उन्हें पहले से ही भीड़भाड़ वाले शहरों में जाने से रोका जा सकेगा;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा की गई पहलों और प्रस्तावित पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2017 से इसके लिए राज्य-वार कितनी धनराशि आवंटित, वितरित और उपयोग की गई; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) और (ख) 'कुटीर उद्योग' को खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम,1956 के अंतर्गत परिभाषित नहीं किया गया है। तथापि, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के दायरे के अंतर्गत 'कुटीर उद्योग' की विस्तृत रूपरेखा को 'ग्राम उद्योग' कार्यक्षेत्र के अंतर्गत शामिल किया गया है और इसके कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के उद्देश्य से मुख्य रूप से छहसमूहों में वर्गीकृत किया गया है जो निम्नलिखित हैं:

1. कृषि आधारित और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग (एबीएफपीआई)
2. खनिज आधारित उद्योग (एमबीआई)
3. स्वास्थ्य और सौंदर्य प्रसाधन उद्योग
4. हस्तनिर्मित कागज, चमड़ा और प्लास्टिक उद्योग (एचपीएलपीआई)
5. ग्रामीण अभियांत्रिकी और नवीन प्रौद्योगिकी उद्योग (आरईएनटीआई)
6. सेवा उद्योग

एमएसएमई मंत्रालय, देशभर में ग्रामोद्योगों सहित सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से स्व-रोजगार के अवसरों के सृजन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नोडल एजेंसी के रूप में केवीआईसी के साथ 2008-09 से एक ऋण संबद्ध सब्सिडी कार्यक्रम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन (पीएमईजीपी) स्कीम का कार्यान्वयन कर रहा है।

इसके अतिरिक्त, केवीआईसी विभिन्न ग्रामीण उद्योगों में ग्रामीण और परंपरागत कारीगरों को प्रशिक्षण प्रदान करता है। यह विभिन्न स्कीमों/कार्यक्रमों जैसे कि मधुमक्खी पालन उद्योगों के लिए हनी मिशन,पॉटरी कारीगरों के लिए कुम्हार सशक्तिकरण कार्यक्रम, चमड़ा कारीगरों के लिए चमड़ा शिल्प कार्यक्रम आदि के कार्यान्वयन के माध्यम से औजार और उपकरण तथा पथ-प्रदर्शन सहायता प्रदान करता है।

पीएमईजीपी के अंतर्गत जिन लाभार्थियों ने नए उद्यमों की स्थापना की है, उनको केवीआईसी, खादी और ग्रामोद्योग बोर्डों (केवीआईबी), केंद्रीय सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण केंद्रों के साथ ही मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केंद्रों, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी), राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड),राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान (निमस्मे), भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) और एमएसएमई मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत उनके सहयोगी संस्थानों के माध्यम से उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। राज्य सरकार, बैंक, ग्रामीण विकास और स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (रुडसेटी), प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठन और सरकार द्वारा चिन्हित अन्य संगठन/संस्थान भी समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

एमएसएमई मंत्रालय ने वर्ष 2016 में एससी-एसटी आबादी के बीच 'उद्यमिता संस्कृति' के संवर्धन और एससी-एसटी उद्यमियों की क्षमता वृद्धि के उद्देश्य से 'राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति हब' (एनएसएसएच) स्कीम का भी शुभारंभ किया है। यह स्कीम लोक प्रापण प्रक्रिया में भागीदारी के लिए एससी/एसटी आबादी को सशक्त कर रही है तथा मंत्रालय, विभागों और सीपीएसई द्वारा लोक प्रापण नीति के अंतर्गत एसटी/एसटी उद्यमियों से 4 प्रतिशत प्रापण के अधिदेशित लक्ष्य को पूरा कर रही है।

उपरोक्त के अलावा, केवीआईसी जिला, राज्य, राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों का आयोजन करके विपणन सहायता की सुविधा प्रदान करता है जहां केवीआईसी द्वारा प्रोत्साहित संस्थान, उद्यमी अपने उत्पादों को प्रदर्शित और बेच सकते हैं। बेरोजगार युवाओं को अपने सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए पथ-प्रदर्शन सहायता प्रदान की जा रही है। केवीआईसी द्वारा नए उद्यमियों के लिए 'खादी प्रमाणपत्र' के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया गया।

(ग) वर्ष 2017-18 से 2021-22 के लिए पीएमईजीपी के अंतर्गत लक्ष्य और उपलब्धियों सहित राज्य-वार कार्य-निष्पादन **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता है।

* * * * *

अनुबंध

दिनांक 19.12.2022 को उत्तर के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1397 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2017-18 से 2021-22 के लिए पीएमईजीपी के अंतर्गत लक्ष्य और उपलब्धियों सहित राज्य-वार कार्य-निष्पादन

2017-18

(मार्जिन मनी: लाख रू.में, परियोजना और रोजगार: संख्या में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लक्ष्य			उपलब्धि		
		परियोजनाएं	मार्जिन मनी	रोजगार	परियोजनाएं	मार्जिन मनी	रोजगार
1	जम्मू कश्मीर	2386	4772.84	19088	3753	6913.15	30024
2	हिमाचल प्रदेश	893	1785.19	7144	886	2042.54	7088
3	पंजाब	1886	3772.84	15088	1520	3930.46	12160
4	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	100	100.00	800	45	90.07	360
5	हरियाणा	1886	3772.84	15088	1718	4167.00	13744
6	दिल्ली	100	200.00	800	115	150.65	920
7	राजस्थान	2455	4909.26	19640	1577	4929.04	12616
8	उत्तराखंड	1067	2133.95	8536	1613	2880.98	12904
9	उत्तर प्रदेश	6579	13157.41	52632	5432	16866.47	43456
10	छत्तीसगढ़	1408	2816.67	11264	1463	3398.40	11704
11	मध्य प्रदेश	3794	7587.04	30352	1804	7631.41	14432
12	सिक्किम	100	200.00	800	37	46.36	296
13	अरूणाचल प्रदेश	250	500.00	2000	209	309.42	1672
14	नागालैंड	1364	2728.96	10912	930	2672.15	7440
15	मणिपुर	717	1434.32	5736	600	1383.87	4800
16	मिजोरम	473	945.66	3784	249	274.05	1992
17	त्रिपुरा	1142	2283.75	9136	1116	1892.30	8928
18	मेघालय	710	1420.32	5680	75	118.27	600
19	असम	2676	5351.99	21408	2282	2362.48	18256
20	बिहार	2827	5653.09	22616	2307	6558.85	18456
21	पश्चिम बंगाल	1738	3475.31	13904	1366	3891.37	10928
22	झारखंड	1035	2070.37	8280	1111	2439.53	8888
23	ओडिशा	2481	4962.97	19848	2399	5680.65	19192
24	अंडमान निकोबार	250	250.00	2000	218	276.95	1744
25	गुजरात	4955	9909.26	39640	1876	12883.63	15008
26	महाराष्ट्र	3428	6855.56	27424	3329	8749.73	26632
27	गोवा	99	197.53	792	50	149.07	400
28	आंध्र प्रदेश	1967	3933.95	15736	1527	5336.10	12216
29	तेलंगाना	2306	4611.73	18448	1190	4030.21	9520
30	कर्नाटक	2731	5462.97	21848	2115	6477.94	16920
31	लक्षद्वीप	50	50.00	400	0	0.00	0
32	केरल	1167	2333.72	9336	1347	2910.44	10776
33	तमिलनाडु	3630	7260.50	29040	4095	9717.58	32760
34	पुदूचेरी	100	100.00	800	44	78.95	352
	कुल	**58750**	**117000.00**	**470000**	**48398**	**131240.07**	**387184**

2018-19

(मार्जिन मनी: लाख रू.में, परियोजना और रोजगार: संख्या में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लक्ष्य			उपलब्धि		
		परियोजनाएं	मार्जिन मनी	रोजगार	परियोजनाएं	मार्जिन मनी	रोजगार
1	जम्मू कश्मीर	2641	8030.86	21128	7529	15222.00	60232
2	हिमाचल प्रदेश	1104	3374.67	8832	1399	4135.61	11192
3	पंजाब	1905	4895.21	15240	1801	4766.68	14408
4	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	96	100.00	768	28	63.91	224
5	हरियाणा	1924	4944.96	15392	2165	5178.43	17320
6	दिल्ली	117	300.00	936	132	157.13	1056
7	राजस्थान	3192	8209.96	25536	2359	7199.28	18872
8	उत्तराखंड	1195	3654.57	9560	2181	4098.38	17448
9	उत्तर प्रदेश	7630	23326.06	61040	5243	19033.28	41944
10	छत्तीसगढ़	2615	6720.84	20920	3094	6784.52	24752
11	मध्य प्रदेश	4931	12672.68	39448	2526	10002.28	20208
12	सिक्किम	82	250.00	656	55	112.35	440
13	अरूणाचल प्रदेश	293	900.00	2344	280	419.88	2240
14	नागालैंड	1168	3595.65	9344	1208	2349.67	9664
15	मणिपुर	1072	3297.40	8576	1291	2041.06	10328
16	मिजोरम	901	2768.62	7208	1123	1514.90	8984
17	त्रिपुरा	1073	3284.38	8584	1179	2314.24	9432
18	मेघालय	1110	3413.50	8880	390	587.14	3120
19	असम	4344	13290.45	34752	3737	4167.41	29896
20	बिहार	4483	11524.03	35864	3303	9842.00	26424
21	पश्चिम बंगाल	2555	7810.56	20440	2413	7568.78	19304
22	झारखंड	2554	6566.45	20432	1797	4535.69	14376
23	ओडिशा	3184	8184.02	25472	3070	7856.18	24560
24	अंडमान निकोबार	116	350.00	928	229	318.52	1832
25	गुजरात	4902	14869.70	39216	3500	25443.87	28000
26	महाराष्ट्र	3750	11365.52	30000	5642	15272.02	45136
27	गोवा	249	641.59	1992	78	237.23	624
28	आंध्र प्रदेश	2129	6468.12	17032	2220	9046.31	17760
29	तेलंगाना	2990	7687.60	23920	2051	7180.89	16408
30	कर्नाटक	2899	8857.55	23192	3657	10725.32	29256
31	लक्षद्वीप	20	50.00	160	0	0.00	0
32	केरल	1435	4388.22	11480	2486	5383.93	19888
33	तमिलनाडु	3655	10886.83	29240	5185	13290.95	41480
34	पुदुचेरी	67	200.00	536	76	150.70	608
	कुल	**72381**	**206880.00**	**579048**	**73427**	**207000.54**	**587416**

2019-20

(मार्जिन मनी: लाख रू.में, परियोजना और रोजगार: संख्या में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लक्ष्य			उपलब्धि		
		परियोजनाएं	मार्जिन मनी	रोजगार	परियोजनाएं	मार्जिन मनी	रोजगार
1	जम्मू कश्मीर	4677	14417.74	37416	5355	11142.86	42840
2	हिमाचल प्रदेश	1392	4300.00	11136	1226	3229.32	9808
3	पंजाब	1939	6000.00	15512	1695	3914.83	13560
4	चंडीगढ़ **(संघ राज्य क्षेत्र)**	33	100.00	264	14	28.71	112
5	हरियाणा	2105	6500.00	16840	2029	4938.21	16232
6	दिल्ली	64	195.00	512	93	110.63	744
7	राजस्थान	2785	8600.00	22280	3024	8171.88	24192
8	उत्तराखंड	1285	4000.00	10280	1844	3440.03	14752
9	उत्तर प्रदेश	8750	27000.00	70000	6118	21648.00	48944
10	छत्तीसगढ़	1986	6133.26	15888	2810	6098.28	22480
11	मध्य प्रदेश	2736	8500.00	21888	2175	8063.63	17400
12	सिक्किम	78	200.00	624	79	174.56	632
13	अरूणाचल प्रदेश	194	500.00	1552	211	363.79	1688
14	नागालैंड	1319	3412.08	10552	1109	2650.24	8872
15	मणिपुर	1088	2815.73	8704	1173	2036.30	9384
16	मिजोरम	813	2101.59	6504	760	1083.78	6080
17	त्रिपुरा	973	2517.10	7784	963	1835.39	7704
18	मेघालय	1149	2971.70	9192	377	569.17	3016
19	असम	4333	11207.80	34664	2587	3557.78	20696
20	बिहार	2931	9000.00	23448	2216	6950.67	17728
21	पश्चिम बंगाल	3118	9600.00	24944	2222	8487.40	17776
22	झारखंड	1489	4600.00	11912	1544	3749.79	12352
23	ओडिशा	2470	7600.00	19760	2723	7816.86	21784
24	अंडमान निकोबार	98	300.00	784	93	146.16	744
25	गुजरात	9980	30921.00	79840	3983	28740.29	31864
26	महाराष्ट्र	4051	12521.00	32408	4406	11219.47	35248
27	गोवा	98	300.00	784	90	244.36	720
28	आंध्र प्रदेश	3417	10580.00	27336	2188	9024.23	17504
29	तेलंगाना	2466	7600.00	19728	2174	7118.89	17392
30	कर्नाटक	5036	15450.00	40288	3697	10681.14	29576
31	लक्षद्वीप	17	50.00	136	0	0.00	0
32	केरल	1774	5500.00	14192	2438	5322.79	19504
33	तमिलनाडु	4543	14000.00	36344	5173	12405.45	41384
34	पुदुचेरी	49	150.00	392	64	117.26	512
	कुल	**79236**	**239644.00**	**633888**	**66653**	**195082.15**	**533224**

2020-21

(मार्जिन मनी: लाख रू.में, परियोजना और रोजगार: संख्या में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लक्ष्य			उपलब्धि		
		परियोजनाएं	मार्जिन मनी	रोजगार	परियोजनाएं	मार्जिन मनी	रोजगार
1	जम्मू कश्मीर	2602	7804.17	20816	8575	18306.28	68600
2	लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र)	260	780.42	2080	281	1168.41	2248
3	हिमाचल प्रदेश	1215	3643.96	9720	1208	3381.1	9664
4	पंजाब	1973	5918.03	15784	1650	5008.66	13200
5	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	32	95.82	256	10	16	80
6	हरियाणा	1999	5998.41	15992	1740	5512.55	13920
7	दिल्ली	96	287.45	768	74	147.61	592
8	राजस्थान	2697	8094.02	21576	2772	8806.83	22176
9	उत्तराखंड	1326	3977.47	10608	2249	4536.62	17992
10	उत्तर प्रदेश	8573	25719.10	68584	9994	32985.38	79952
11	छत्तीसगढ़	2534	7603.01	20272	2718	6062.77	21744
12	मध्य प्रदेश	6401	19201.65	51208	4854	13807.82	38832
13	सिक्किम	77	191.63	616	57	152.28	456
14	अरूणाचल प्रदेश	192	479.08	1536	98	232.63	784
15	नागालैंड	1719	4296.52	13752	740	2045.47	5920
16	मणिपुर	2063	5156.79	16504	1556	5899.03	12448
17	मिजोरम	1157	2893.48	9256	810	1412.46	6480
18	त्रिपुरा	1229	3072.38	9832	842	1829.57	6736
19	मेघालय	1535	3837.48	12280	359	579.65	2872
20	असम	5836	14589.04	46688	2939	4948.48	23512
21	बिहार	2822	8466.18	22576	2192	7208.74	17536
22	पश्चिम बंगाल	2985	8955.41	23880	2070	7425.32	16560
23	झारखंड	1863	5589.11	14904	1522	3847.8	12176
24	ओडिशा	2542	7626.82	20336	3171	8748.07	25368
25	अंडमान निकोबार	96	287.45	768	155	186.12	1240
26	गुजरात	6551	19651.54	52408	2854	20637.05	22832
27	महाराष्ट्र	4065	12196.93	32520	3104	8844.29	24832
28	गोवा	96	287.45	768	58	156.65	464
29	आंध्र प्रदेश	2266	6799.38	18128	1677	6866.3	13416
30	तेलंगाना	2394	7181.46	19152	2025	6376.33	16200
31	कर्नाटक	3526	10576.52	28208	4437	12504.26	35496
32	लक्षद्वीप	16	47.91	128	3	15.36	24
33	केरल	1698	5094.40	13584	2389	5225.88	19112
34	तमिलनाडु	4141	12424.33	33128	5188	13881.57	41504
35	पुदुचेरी	48	143.72	384	44	116.81	352
	कुल	**78625**	**228968.52**	**629000**	**74415**	**218880.15**	**595320**

2021-22

(मार्जिन मनी: लाख रू.में, परियोजना और रोजगार: संख्या में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लक्ष्य			उपलब्धि		
		परियोजनाएं	मार्जिन मनी	रोजगार	परियोजनाएं	मार्जिन मनी	रोजगार
1	जम्मू कश्मीर	3303	10569.73	26424	21648	46713.54	173184
2	लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र)	324	1081.87	2592	295	1182.31	2360
3	हिमाचल प्रदेश	1428	4520.00	11424	1274	3550.95	10192
4	पंजाब	2322	7294.71	18576	1790	6017.86	14320
5	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	92	98.89	736	21	62.08	168
6	हरियाणा	2346	7417.41	18768	1726	6093.33	13808
7	दिल्ली	102	324.49	816	100	315.23	800
8	राजस्थान	3446	10874.64	27568	2599	9025.60	20792
9	उत्तराखंड	1687	5348.30	13496	1836	3983.20	14688
10	उत्तर प्रदेश	10901	34657.47	87208	12594	41165.07	100752
11	छत्तीसगढ़	3010	9311.88	24080	3020	6941.44	24160
12	मध्य प्रदेश	6909	21582.71	55272	8082	20961.46	64656
13	सिक्किम	87	239.02	696	85	214.27	680
14	अरूणाचल प्रदेश	134	671.48	1072	196	788.88	1568
15	नागालैंड	1607	4425.65	12856	1241	2494.89	9928
16	मणिपुर	2504	6885.24	20032	1139	3337.25	9112
17	मिजोरम	1084	2965.57	8672	650	1461.76	5200
18	त्रिपुरा	1269	3477.42	10152	958	2083.70	7664
19	मेघालय	1362	3903.67	10896	699	974.17	5592
20	असम	5475	14794.18	43800	3855	6659.71	30840
21	बिहार	3395	10426.73	27160	2477	8169.92	19816
22	पश्चिम बंगाल	3533	11018.36	28264	2305	8539.63	18440
23	झारखंड	2061	6268.01	16488	1714	4188.27	13712
24	ओडिशा	3263	10239.53	26104	4301	11335.95	34408
25	अंडमान निकोबार	298	324.49	2384	162	238.69	1296
26	गुजरात	8340	26174.71	66720	4143	28704.84	33144
27	महाराष्ट्र	4439	13806.63	35512	4128	13018.54	33024
28	गोवा	102	324.49	816	87	298.22	696
29	आंध्र प्रदेश	2891	9099.19	23128	2477	10088.80	19816
30	तेलंगाना	2849	8845.96	22792	2906	9846.14	23248
31	कर्नाटक	4482	14152.31	35856	5877	15843.36	47016
32	लक्षद्वीप	46	51.19	368	7	17.50	56
33	केरल	2165	6860.54	17320	2789	6859.29	22312
34	तमिलनाडु	5246	16785.63	41968	5972	16445.76	47776
35	पुदुचेरी	164	177.90	1312	66	144.30	528
	कुल	**92666**	**285000.00**	**741328**	**103219**	**297765.91**	**825752**